100 Years 1920-2020
University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 27 October 2021

**JAGRAN CITY PAGE I**

## बीटेक, बीफार्मा, बीसीए में सीधे दाखिले के लिए 22 तक आवेदन

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की इंजीनियरिंग फैकल्टी में संचालित बीटेक, एमसीए, बीफार्मा प्रथम वर्ष और बीटेक द्वितीय वर्ष लेटरल एंट्री कोर्स में खाली सीटों पर स्पाट काउंसलिंग के माध्यम से सीधे दाखिले होंगे। यह प्रक्रिया एकेटीयू की काउंसलिंग खत्म होने के बाद होगी। इसलिए विश्वविद्यालय ने इन कोर्सों की खाली सीटों के लिए आवेदन की तिथि 22 नवंबर तक बढ़ा दी है। मंगलवार शाम को विश्वविद्यालय ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में बीटेक में 420, एमसीए 30, बीफार्मा 100 और बीटेक द्वितीय वर्ष लेटरल एंट्री कोर्स में 36 सीटें हैं। इसके अलावा 10 फीसद सीटें ईडब्ल्यूएस कोटे की हैं। इन सीटों पर दाखिले डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की काउंसलिंग से होते हैं। एकेटीयू की काउंसलिंग 24 नवंबर तक चलेगी। उसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के इन कोर्सों में बची हुई खाली सीटों के लिए स्पाट काउंसलिंग आयोजित की जाएगी।

**वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा आवेदन फार्म:** इंजीनियरिंग फैकल्टी के को-आर्डिनेटर एवं प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. आरएस यादव ने बताया कि खाली सीटों को भरने के लिए स्पाट काउंसलिंग की तिथि पहले 25 अक्टूबर थी, लेकिन एकेटीयू की ओर से काउंसलिंग की तिथियों में बदलाव कर दिया गया। ऐसे में फिर से आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है। आवेदन फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर इंजीनियरिंग फैकल्टी में जाकर डाउनलोड करके 500 रुपये के ड्राफ्ट के साथ डाक या फिर फैकल्टी में जमा करना होगा।

**25 नवंबर को जारी होगी रैंक लिस्ट:** उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की रैंक लिस्ट 25 नवंबर को वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी की जाएगी। 26 नवंबर को सुबह 11 बजे से स्पाट काउंसलिंग शुरू होगी। रैंक वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित समय पर इंजीनियरिंग फैकल्टी में पहुंचना होगा।

**HINDUSTAN PAGE 6**

## 28 और 29 को कराएं सत्यापन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक प्रवेश के अंतर्गत चार वर्षीय बीए पाठ्यक्रम में जिन अभ्यर्थियों का प्रवेश द्वितीय एलाटमेंट- अपग्रेडेशन में हो चुका है, वे एलाटमेंट पत्र, फीस रसीद एवं अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ मुख्य कैंपस में अटल ब्लाक के जियोग्राफी हाल में जांच के लिए 28 एवं 29 अक्तूबर को सुबह 11 बजे रिपोर्ट करें।

**बीएससी के अभ्यर्थी जांच कराएं:** लखनऊ विश्वविद्यालय में चार वर्षीय बीएससी मैथ व बायोलॉजी पाठ्यक्रम में जिन अभ्यर्थियों का प्रवेश द्वितीय एलाटमेंट-अपग्रेडेशन में हो चुका है वे ओल्ड कैंपस में डीन फैकल्टी ऑफ साइंस में प्रमाणपत्रों की जांच 28 एवं 29 अक्तूबर को कराएं। जांच के समय एलाटमेंट पत्र, फीस रसीद एवं अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ छात्र-छात्राओं को रिपोर्ट करना होगा।

## छूटे हुए छात्र भी दे सकेंगे प्रैक्टिकल

**लखनऊ।** बीएससी तृतीय सेमेस्टर के ऐसे छात्र जो किसी वजह से केमिस्ट्री का प्रैक्टिकल नहीं दे पाए थे, उन्हें दोबारा प्रैक्टिकल में शामिल होने का मौका लखनऊ विश्वविद्यालय ने दिया है। ऐसे छात्र एक नवम्बर को सुबह दस बजे केमिस्ट्री विभाग में प्रैक्टिकल दे सकते हैं। इसके लिए छात्र को पांच रुपए फीस जमा करनी होगी। प्रवेश पत्र के साथ फीस की रसीद भी प्रैक्टिकल के समय साथ लानी होगी।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## अब बीटेक, बीफार्मा, एमसीए में सीधे प्रवेश

### लविवि ने खाली सीटों को भरने की शुरू की कवायद, 22 तक करें आवेदन, 25 को जारी होगी मेरिट, 26 को स्पॉट काउंसिलिंग

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में बीटेक, बीफार्मा, एमसीए व बीटेक लेटरल एंट्री कोर्सों में काउंसिलिंग के बाद खाली बची सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया गति पकड़ने लगी है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) द्वारा आयोजित की जा रही यूपीसीईटी काउंसिलिंग की तिथि आगे बढ़ने के साथ ही लविवि ने भी अपने यहां उक्त कोर्सों की खाली सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए आवेदन 22 नवंबर तक मांगे हैं।

फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. आरएस गुप्ता के अनुसार उक्त कोर्सों में फर्स्ट ईयर



में प्रवेश के लिए आवेदन ऑनलाइन विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से किए जा सकते हैं। आवेदन शुल्क 500 रुपये हैं। वेबसाइट पर इसके बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी इसे पढ़कर आवेदन करें। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की मेरिट 25 नवंबर को जारी की जाएगी और 26 नवंबर को स्पॉट काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा।

### चार कोर्सों में चॉइस फिलिंग कल तक

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीजी में एमबीए, एमएड, बीपीएड, एमपीएड कोर्सों में चॉइस भरने की तिथि 28 अक्तूबर तक बढ़ा दी है, जो बुधवार को समाप्त हो रही थी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी से चॉइस भर दें। इसके लिए उन्हें ऑनलाइन 200 रुपये शुल्क भी देना होगा। वहीं, बीए, बीएससी मैथ्स व बायो चार वर्षीय पाठ्यक्रम में जिन अभ्यर्थियों का सेकंड अलॉटमेंट व अपग्रेडेशन हो चुका है, वे अपने प्रमाणपत्र की जांच 28 व 29 अक्तूबर को अटल ब्लॉक व बीएससी वाले डीन साइंस कार्यालय में कराएं।

### शिया में बीकॉम प्रवेश काउंसिलिंग दो तक

शिया पीजी कॉलेज में बीकॉम रेगुलर व सेल्फ फाइनेंस कोर्स में पहले सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग मंगलवार से शुरू हो गई है। प्रवेश समन्वयक के अनुसार चयनित अभ्यर्थी 2 नवंबर तक अपना प्रवेश सुनिश्चित कराएं। प्रवेश शुल्क भी ऑनलाइन जमा होगा। अभ्यर्थी इसकी हार्ड कॉपी निकालकर अपने पास रख लें। वहीं, दूसरी तरफ एलएलबी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए वेटिंग लिस्ट जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी 27 से 29 अक्तूबर तक ऑनलाइन या ऑफलाइन निर्धारित शुल्क जमाकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करवा सकते हैं। विस्तृत जानकारी कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### जेएनपीजी में बीकॉम-बीएससी की भी सीटें खाली

श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी मैथ्स व बायो में स्ववित्तपोषित व बीएससी कंप्यूटर साइंस, स्टेटिस्टिक्स व बीकॉम ऑनर्स में कुछ सीटें खाली हैं। प्राचार्या डॉ. मीता साह ने बताया कि वे अभ्यर्थी जिन्होंने कॉलेज में फॉर्म भरा था, उनका नाम मेरिट में आया किंतु वे किसी वजह से प्रवेश नहीं ले सके। ऐसे अभ्यर्थी यदि प्रवेश लेना चाहते हैं तो 27 से 30 अक्तूबर तक सुबह 10 से दोपहर 01 बजे तक प्राचार्य कक्ष में उपस्थित होकर आवेदन जमा करें। मेरिट के आधार पर सीटों की उपलब्धता पर प्रवेश होगा।

**i-NEXT PAGE 4**

## बीटेक, बीफॉर्मा में एडमिशन 22 तक

### लखनऊ यूनिवर्सिटी ने बढ़ाई आवेदन की तिथि

**LUCKNOW (26 Oct):** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग फैकल्टी में संचालित बीटेक, एमसीए, बीफॉर्मा प्रथम वर्ष और बीटेक द्वितीय वर्ष लेट्रल एंट्री कोर्स में खाली सीटों पर स्पाट काउंसलिंग के माध्यम से सीधे दाखिले होंगे. यह प्रक्रिया एकेटीयू की काउंसलिंग खत्म होने के बाद होगी. इसलिए विश्वविद्यालय ने इन कोर्सों की खाली सीटों के लिए आवेदन की तिथि 22 नवंबर तक बढ़ा दी है. मंगलवार शाम को विश्वविद्यालय ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया. लखनऊ विश्वविद्यालय में बीटेक में 420, एमसीए 30, बीफार्मा 100 और बीटेक द्वितीय वर्ष लेट्रल एंट्री कोर्स में 36 सीटें हैं. इसके अलावा 10 फीसद सीटें ईडब्ल्यूएस कोटे की हैं. इन सीटों पर दाखिले डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू)



की काउंसलिंग से होते हैं. एकेटीयू की काउंसलिंग 24 नवंबर तक चलेगी. उसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के इन कोर्सों में बची हुई खाली सीटों के लिए स्पाट काउंसलिंग आयोजित की जाएगी.

### वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा आवेदन फार्म

इंजीनियरिंग फैकल्टी के को-आर्डिनेटर एवं प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. आरएस यादव ने बताया कि खाली सीटों को भरने के लिए स्पाट काउंसलिंग की तिथि पहले 25 अक्टूबर थी, लेकिन एकेटीयू की ओर से काउंसलिंग की तिथियों में बदलाव कर दिया गया. ऐसे में फिर से आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है. आवेदन फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर इंजीनियरिंग फैकल्टी में जाकर डाउनलोड करके 500 रुपये के ड्राफ्ट के साथ डाक या फिर फैकल्टी में जमा करना होगा. वेबसाइट पर इसके विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं.

### 25 नवंबर को जारी होगी रैंक लिस्ट

उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की रैंक लिस्ट 25 नवंबर को वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी की जाएगी. 26 नवंबर को सुबह 11 बजे से स्पाट काउंसलिंग शुरू होगी. रैंक वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित समय पर इंजीनियरिंग फैकल्टी में पहुंचना होगा.

**SWATANTRA BHARAT PAGE 3**

## एलयू में तीसरे सेमेस्टर की रसायन विज्ञान का प्रैक्टिकल 1 नवंबर को

स्वतंत्रभारत संवाददाता,लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और सम्बद्ध विश्विद्यालयो में बीएससी तीसरा सेमेस्टर के बचे हुए विद्यार्थियों की रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा आगामी 1 नवंबर को सम्पन्न कराई जाएगी ।परीक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान संकाय में प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगी । परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को 500 रुपये शुल्क विश्विद्यालय के कैशियर आफिस में जमा करना होगा । इसके अलावा इसकी रसीद की मूल प्रति और लखनऊ यूनिवर्सिटी की 2021 की परीक्षा का प्रवेश पत्र भी जमा करना होगा।